तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 7 मई 2025



14 समाज में तृतीय लिंग समुदाय को समान अवसर देने की आवश्यकता ...





12 मछली बाजार की शिफ्टिंग का दावा खोखला...






## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण

**बालोद।** इंडोनेपाल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में कमलेश वासनिक, भगवती यादव और योसेक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किए। डेविड साहू ने रजत पदक और निखिल कुमार ने कांस्य पदक जीता। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ नेपाल के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। बालोद जिले के ग्राम हथौद और करहीभदर के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है।

### तीसरी व चौथी में लाटरी पद्धति से होगा विद्यार्थियों का चयन

**डौंडीलोहारा।** पी.एम.श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन तिथि समाप्ति पश्चात कक्षा तीसरी एवं कक्षा चौथी में रिक्त सीट से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने के कारण लाटरी पद्धति से चयन दिनांक 7 मई को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। उक्त चयन पद्धति में पालक गण भी उपस्थित हो सकते हैं। जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पटल से अवलोकन किया जा सकता है।

### सनौद में 7 मई को लगेगा समाधान शिविर

सुशासन तिहार 2025

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम सनौद में 7 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीएम साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान सनौद में 07 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान सनौद में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पिकरीपार, अरमरीकला, अरकार, हसदा, डोटोपार, भिरई, बोहारा, सांगली, ओझागहन, मोहारा, कोसागोंदी, जेवतरतला, डांडेसरा के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल संचाल हेतु परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीआर मण्डावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सुशासन तिहार: अंतिम पायदान के नागरिकों तक लाभ पहुंचाने की दिशा में सार्थक पहल

# खलारी समाधान शिविर में सजी जनसेवा की तस्वीर शासन की योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





- गर्भवती माताओं को सुपोषण किट और बच्चों का अन्नप्राशन कराकर किया गया सम्मान

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम खलारी में आयोजित समाधान शिविर में अतिथियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, वनाधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, मछली जाल, आईस बॉक्स, उन्नत किस्म के धान बीज, श्रमिक पंजीयन कार्ड के अलावा राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन तथा सामाजिक सहायता पेंशन की स्वी—ति पत्र भी प्रदान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवलाल ठाकुर एवं जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो एवं जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम सहित अन्य अतिथियों ने शासन के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराने के साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई रस्म पूरा किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गर्भवती माताओं को अपने खान—पान पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। जिससे कि गर्भस्थ शिशु को पर्याप्त पोषण मिल सके। शिविर में ग्राम पंचायत खलारी सहित ग्राम पंचायत अड़जाल, दानीटोला, भैंसबोड़, सुवरबोड़, गुजरा, धोबनी अ, धोबनी ब, टेकाढोड़ा सहित खलारी कलस्टर में शामिल सभी ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही शिविर में शामिल होने पहुँचे थे।

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के परिकल्पना के अनुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके इस सोंच और परिकल्पना को



कार्य रूप में परिणित कराने हेतु राज्य में सुशासन तिहार का अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिससे आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने के साथ—साथ शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मिल सके। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत खलारी कलस्टर में शामिल सभी ग्राम पंचायतों से विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 2879 मांग एवं 32 शिकायत सहित कुल 2911 आवेदन प्राप्त हुए है। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला स्तर से संबंधित आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा समुचित निराकरण किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तर से संबंधित प्रकरणों को राज्य शासन को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने ग्रामीणों को शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

### सोकपीट निर्माताओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम मे देवलाल ठाकुर ने राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन -कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को इसका लाभ उठाने को कहा।मुकेश कौड़ो ने ग्रामीणों एवं आम जनता से सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। कार्यक्रम मे सोकपीट निर्माण करने वाले ग्राम पंचायतों एवं हितग्राहियों तथा लखपति दीदियों को भी सम्मानित किया गया।

### जल संरक्षण के अभियान पर दी गई जानकारी

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण के अभियान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले का भूजल स्तर बहुत नीचे चला गया है। इसलिए समय रहते इस समस्या से निजात पाने का उपाय करना भी आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपने—अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने तथा जल संरक्षण के कार्य में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। श्रीमती मिश्रा ने तेजी से बढ़ रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए सभी वाहन चालकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट का भी अनिवार्य रूप से प्रयोग करने को कहा।

## खनिज विभाग की छापेमारी हाईवा और चैन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- छापेमारी के बाद खदान को बंद किया गया

जिले के डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेलौदा के आश्रित ग्राम मर्रामखेड़ा में बीती रात मे खनिज विभाग ने छापेमारी कर 5 हाईवा और एक चैन माउंटेन जब्त किया गया। मर्रामखेड़ा में अवैध रूप से रेत खदान संचालित किया जा रहा था। जिसको बंद कराने के लिए खनिज विभाग की टीम ने खदान मे स्थित चैन माउंटेन को सील कर ग्राम पंचायत सरपंच को सौंपा है।

ग्राम मर्रामखेड़ा सहित गुरुर ब्लाक के ग्राम पोंड़, गुण्डरदेही ब्लाक के रंगकठेरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे रेत खदानों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है, पर कार्यवाही ग्राम मर्रामखेड़ा के रेत खदान मे की गई है। लगातार खनिज विभाग कोई कोई बहाना बनाकर कार्यवाही से बचता रहा है। जब मामले मे उच्च स्तरीय शिकायत की गई तब यह कार्यवाही की गई। जानकारी अनुसार मर्रामखेड़ा नदी में पिछले एक सप्ताह से अवैध रूप से रेत उत्खनन चल रहा था। छापेमारी के बाद खदान को बंद किया गया। पंचायत प्रमुखों ने कहा उन्हें खदान संचालन की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। उन्होंने कहा बाहर के कुछ लोग रेत निकाल रहे थे। मौके पर पता चला कि स्थानीय लोगो के सहयोग से दल्लीराजहरा के एक व्यक्ति द्वारा खदान संचालित की जा रही थी।

उल्लेखनीय ही की हाल ही में जिला मुख्यालय पहुंचे सांसद भोजराज नाग ने अवैध रेत खदानों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही थी। इसके बाद भी खनिज विभाग ने मात्र एक खदान मे कार्यवाही कर खानापुर्ति की है। वही सूत्रें से प्राप्त जानकारी अनुसार अब भी गुरुर ब्लॉक के पोंड़ में दिन रात अवैध रेत खनन बेधड़क जारी है। इनके खिलाफ विभाग कब कार्यवाही करता है इसका इंतजार है। पोंड़ मे पंचायत ने शिकायत की है।

## महतारी वंदन योजना बनी ग्रामीण महिलाओं की संबल शक्ति, बच्चों की पढ़ाई बनी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- मंजूलता और सविता टेकाम की कहानी बनी योजना की सफलता की गवाही

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सबल एवं सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग इलाज, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा—दीक्षा दिलाने में भी कर रहलृ है।

राज्य शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम खलारी की ग्रामीण महिला मंजूलता एवं ग्राम बनगांव निवासी सविता टेकाम के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत इन दोनों महिलाओं को प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग उनके बच्चों के उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए शुल्क जमा करने में मददगार साबित होकर यह योजना उनके बच्चों को शिक्षा—दीक्षा दिलाने की दिशा में संजीवनी साबित हो रहा है। इन दोनों महिलाओं ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि उनके बच्चों के पढ़ाई—लिखाई के लिए बहुत बड़ा सहारा बन गया है।

**खराब स्थिति के बावजूद पढ़ाई—लिखाई के प्रति है लगाव** : इसी तरह राज्य शासन की इस योजना की सराहना डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बनगांव की ग्रामीण महिला ▶▶| शेष पेज 13 पर

### महतारी वंदन योजना से परिवार की बड़ी चिंता हुई दूर

राज्य शासन की इस योजना की सराहना करते हुए मंजूलता ने कि वे बहुत ही साधारण ग्रामीण परिवार की घरेलू महिला है। उनके परिवार थोड़ी बहुत खेती—किसानी एवं मेहनत—मजदूरी कर अपना जीवन—यापन करता हैं। उन्होंने बताया कि उनका लड़का देवेन्द्र कुमार शासकीय महाविद्यालय कांकेर में बीएससी द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी है। परिवार की स्थिति अच्छी नही होने के कारण महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह राशि प्राप्त होने के पहले अपने बच्चों के पढ़ाई—लिखाई के लिए राशि प्रबंध करने में बहुत कठिनाई होती थी। वे और उनका परिवार बहुत मुश्किल से अपने बच्चों की पढ़ाई—लिखाई के लिए पैसे का प्रबंध कर पाते थे। लेकिन अब प्रतिमाह महतारी वंदन योजना अंतर्गत उनके खाते में 01 हजार रुपये की राशि जमा होने से उनके बच्चे के पढ़ाई—लिखाई के लिए राशि का प्रबंध करने के लिए किसी प्रकार की कठिनाई नही होती है। इस तरह से महतारी वंदन योजना लागू होने से उनके एवं उनके परिवार की बहुत बड़ी चिंता दूर हुई है।

## तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा पानी, ग्रामीणों ने की नहर मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर



- नहर में गड्ढों से पानी जमीन में समा रहा, भुतहा तालाब पड़ा सूखा

ग्राम बोरतरा में क्षतिग्रस्त नहर नाली के कारण ग्रामीण तालाब में पानी नहीं पहुंचा पा रहे है। ग्रामीणों ने अविलंब नाली मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि महानदी जलाशय परियोजना अन्तर्गत कंवर हट शाखा से ग्राम बोरतरा के भुतहा तालाब में पानी ले जाना है। प्रदायक नहर से जिस नहर नाली के माध्यम से पानी तालाब में पहुंचता है वह नाली बहुत जर्जर हो गया है। नहर नाली में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए है जिसके माध्यम से पुरा पानी जमीन के अंदर चला जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षतिग्रस्त नहर नाली के गड्ढों को भरकर, रेत से भरे बोरे को रखकर भी प्रयास किया गया, लेकिन पानी जमीन के अंदर ही चला जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि नहर नाली की पूरी तरह मरम्मत किए बिना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। इसलिए अविलंब नहर नाली की मरम्मत कराई जाए जिससे ग्रामीणों को निस्तार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

## बिजली का तार टूट जाने से ग्यारह पशुओं की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री गोपाल गौ रक्षा सेवा सदन आवरी नाल डौंडी में तूफान के कारण बिजली का तार टूट जाने से सेवा सदन की 11 पशुधन कि मौके पर ही मृत्यु हो गई।

जिससे गौशाला परिवार बहुत दुखी है एवं इसकी सूचना पुलिस थाना डौंडी, पशु विभाग डौंडी एवं बिजली विभाग डौंडी को तुरंत कर दिया गया है। जिसकी जांच कर पुलिस विभाग द्वारा पंचनामा बनाकर एवं पशु विभाग द्वारा पोस्टमार्टम कर बिजली विभाग को क्षतिपूणत हेतु पत्र सौंपने की बात कही है। आज घटना के बाद बिजली विभाग के जिला के अधिकारी कार्यपालन अभियंता द्वारा मौके पर पहुच कर पड़ताल की। बिजली विभाग के जिला के अधिकारी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए गौशाला के अंदर लगे हुए सभी बिजली तारों को हटाने का आदेश दिया है। विभाग से जो भी सहयोग हो सके मैं करूंगा ऐसा आश्वासनदिया है।

## आईआईएसईआर पुणे हुई में छत्तीसगढ़ के पीएम श्री सेजस स्कूलों के विज्ञान शिक्षकों की पांच दिवसीय कार्यशाला

# साइंस टीचिंग वर्कशॉप में छत्तीसगढ़ के 132 व्याख्याताओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





- विज्ञान की गहराइयों में डूबे छत्तीसगढ़ के शिक्षक, सीखे हैंड्स ऑन एक्टिविटी के अनूठे तरीके

मुख्यमंत्री छ. ग. शासन एवं राज्य समग्र शिक्षा कार्यालय रायपुर के द्वारा पीएम श्री समन्वयक आशीष गौतम सर के मार्गदर्शन में छ. ग. के पीएम श्री सेजस स्कूलों के विज्ञान संकाय के व्याख्याताओं का आईआईएसइआर पुणे में पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26.04.25 से 30.04. 25 तक किया गया जिसमें छ.ग.से कुल 132 व्याख्याताओं ने भाग लिया। इसमें बालोद जिले के पीएम श्री सेजस कनेवाडा से होमन लाल साहू , व्याख्याता भौतिकशास्त्र, पीएम श्री सेजस डौडी लोहारा से अभिषेक कुमार सहारे , व्याख्याता जीवविज्ञान, पीएम श्री सेजस अर्जुन्दा से शशि किशोरे व्याख्याता, जीवविज्ञान, पीएम श्री सेजस डौण्डी से लिट्टी फ्रांसिस व्याख्याता रसायन, पीएम श्री सेजस गुरुर से वंदना पासी व्याख्याता जीवविज्ञान सम्मिलित हुए । इस वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य के अनुरूप विद्यार्थियों को विषयों के मूलभूत सिद्धांतो को एक्टिविटी के माध्यम से इस प्रकार समझाना कि वे उन्हें भलीभांति अनुभव कर समझ सकें ।

इस वर्कशाप के लिए आईआईएसइआर पुणे के साइंस एक्टिविटी के हेड अशोक रूपनर जी और उनके टीम के द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा तैयार किया गया था।वर्कशाप का समय प्रतिदिन 9.30 am से 8.00 pm तक था। कार्यशाला में प्रथम दिवस की शुरुआत हेण्डस आन एक्टिविटी से हुई जिसमें पुराने अखबार के पेपर से ही गणित के बहुत से ज्यामितीय अवधारणाओं को समझाया गया। बच्चों की पजल के माध्यम से सिखाने के लिए बताया गया। गुब्बारा में नट डालकर फुलाने के बाद घुमाना व गुब्बारा में सिक्का डालकर घुमाने से ध्वनि में अंतर को समझाया गया। लंच के बाद विज्ञान केन्द्र भ्रमण के लिए ले जाया गया जहां विज्ञान के बहुत ही आकर्षण माडल देखने मिला। तारामंडल की सैर, 3 डी एनिमेशन, द्रव नाइट्रोजन गैस का प्रयोग दिखाया गया। वहाँ कल्पक घर का विजिट किया जिसमें कई तरह के स्वनिर्मित साइंस एक्टिविटी के सामान का संग्रह देखने को मिला । स्काई वाचिंग भी किए ।

वर्कशाप के दूसरे दिन हैण्डस आन एक्टिविटी के अंतर्गत A 4 पेपर से कई तरह के पजल तैयार करना सीखे । लंग्स के कैपासिटी चेक करना, मस्तिष्क का डमी बनाकर उनके पार्टस को समझाना, पत्ती की आंतरिक संरचना, पाईप से ध्वनि उत्पन्न करना, प्रकाश के विभिन्न गुणों का प्रदर्शन, पेरिस्कोप आदि के बारे में मनोरंजक तरीके से समझाया गया।

कार्यशाला के तृतीय दिवस सांइटिस्ट एवं प्रोफेसर सुतीरथ देव ने ब्रेन स्टोरमिंग के बारे में समझाया । उन्होंने बताया कि बच्चों से आइडिया निकलवाए ▶▶| शेष पेज 13 पर

# डेढ़ साल में जिला न्यायालय के लिए जमीन तलाश नहीं कर पाया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पिछले डेढ साल से जमीन तलाशने की कवायद के बाद भी जिला प्रशासन जमीन खोज नही पाई हैं। जिला न्यायलय के लिए जमीन नही मिलने के कारण आज भी अधिवक्ता और पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड रहा हैं।

जिला न्यायालय के लिए नए भवन का प्रस्ताव तैयार है, लेकिन जमीन नहीं मिलने की वजह से नए भवन का निर्माण अधर में अटक गया है। समुचित व्यवस्था न्यायालय भवन में नहीं होने की वजह से सभी वर्ग परेशान है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पिछले दिनों वर्चुअल मीटिंग में जिला प्रशासन को जमीन तलाशने के निर्देश भी दिए थे, वहीं डेढ साल बाद भी जमीन तलाशने में विफल प्रशासन को जमकर फटकार भी लगाई थी। लेकिन चीफ जस्टिस की फटकार के बावजूद प्रशासन नहीं जागा है। गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिंह डेढ़ साल पहले दुर्ग जिला न्यायालय में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नए भवन की आवश्यकता महसूस करते हुए तत्कालीन कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा को जमीन तलाश कर नए भवन का प्रस्ताव बनाने निर्देश दिए थे। निर्देश के बाद श्री मीणा ने अपने अमले के साथ बीआईटी दुर्ग के पीछे खाली पड़ी लगभग 10 एकड़ जमीन को उपयुक्त मानते हुए जिला न्यायालय के लिए चयनित किया था। लेकिन रिकार्ड खंगालने पर पता चला कि, यह जमीन बीएसपी की हैं। ऐसे में जमीन छत्तीसगढ़ शासन को स्थानांतरित करने का प्रपोजल सीईओ बीएसपी के माध्यम से सेल को भेजा था। लेकिन यह प्रस्ताव अभी तक पेंडिंग पड़ा है, हाल ही में चीफ जस्टिस ने विगत दिनों वर्चुअल मीटिंग के दौरान मौजूदा कलेक्टर से प्रस्तावित जमीन को लेकर जानकारी चाहिए थी। लेकिन कलेक्टर की पोस्टिंग हाल में होने की वजह से कोई ठोस जानकारी चीफ जस्टिस को नहीं दी जा सकी। चीफ जस्टिस नवपदस्थ कलेक्टर को शीघ्र नए भवन के लिए जमीन तलाश करने निर्देश दिए। लेकिन प्रशासन अभी तक न्यायालय भवन के लिए जमीन तलाश में की प्रक्रिया ही शुरू नहीं कर पाई है।

## विगत दिनों छग बिलासपुर के चीफ जस्टिस ने प्रशासन को लगाई थी फटकार

### जर्जर है न्यायालय भवन

दुर्ग जिला न्यायालय बेहद जर्जर हो चुका है। न्यायालय परिसर में ना तो अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था है न ही पार्किंग की। हजारों लोग प्रतिदिन न्यायालयीन कार्यों से दुर्ग न्यायालय पहुंचते हैं। व्यवस्था के अभाव में आम लोगों को बेहद परेशानी होती है इन सब चीजों को ध्यान रखते हुए आकस्मिक में निरीक्षण के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नए भवन की जरूर समझते हुए तत्कालीन कलेक्टर श्री मीणा को जमीन तलाशनेका निर्देश दिया था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी नए न्यायालय भवन के लिए जमीन की व्यवस्था प्रशासन नहीं कर पाया। इसे लेकर चीफ जस्टिस वीसी में काफी नाराज में दिखे।




### सभी की जरूरत है न्यायालय

पुराने न्यायालय भवन की बेहद खराब स्थिति है। न्यायाधीशों अधिवक्ताओं और न्यायालीन काम से न्यायालय में आने वाले लोगों को भी बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। डेढ साल पहले प्रशासन ने बीआईटी कालेज के पीछे लगभग दस एकड जमीन चिन्हिंत कर भिलाई स्टील प्लांट के अधिपत्य वाली जमीन लिए जाने का प्रपोजल तैयार कर सीईओ बीएसपी के माध्यम से सेल को भेजा था। लेकिन प्रपोजल अभी भी अधर में हैं। **-रविशंकर सिंह,** सचिव अधिवक्ता संघ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### फुले फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग

**दुर्ग ।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग ने हिंदी फिल्म फुले को टैक्स फ्री करने की मांग की है। इस संबंध में शहर विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व पार्षद प्रत्याशी सचिन गवई ने कलेक्टर जनदर्शन में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा की ज्योत जलाने वाले समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन पर आधारित अनंत महादेवन के निर्देशित हिंदी फिल्म फूले जो कि भारत में 19 वी शताब्दी में जाति भेदभाव, रूढ़िवादी परंपरा, असमानता के खिलाफ़ लड़ाई को दर्शित फिल्म खासकर महिलाओं के शिक्षा, सती प्रथा के खिलाफ़ लड़ाई और दलितों, पिछड़ों के उत्थान के लिए बनी फिल्म भारत के सभी सिनेमा घरों में दिखाई जा रही है। जिसे सभी सिनेमा घरों में टैक्स फ्री करने तथा सभी स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राओं को निःशुल्क दिखाए जाने शासन प्रशासन से मांग की है।

### वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर



**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज दीक्षित एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भगवान दास पनिका ने वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में वृद्धजनों को नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना, विभिन्न विधिक योजनाओं तथा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी दी गई। वृद्धजनों को प्राप्त सुविधाओं, उनकी देखभाल तथा समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

### बैठक 7 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 7 मई को सुबह 11 बजे से जिपं. के सभाकक्ष में होगी। संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## उदासीनता : मेयर के निर्देश के बाद व्यापारियों में जागी थी उम्मीदें

# मछली बाजार की शिफ्टिंग का दावा खोखला, बदबू से नहीं मिल रही मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट के व्यापारियों को बदबु और सडांध के बीच रहना मजबूरी हो गई हैं। पिछले दिनों महापौर अल्का बाघमार ने सप्ताहभर के अंदर फारेस्ट आफिस के पास बने हाईजेनिक मछली बाजार में शिफ्टिंग के निर्देश दिए थे। लेकिन दस दिन बीतने के बाद भी मछली बाजार की शिफ्टिंग नही हो पाई है। जिसके चलते निगम प्रशासन का दावा एक बार फिर खोखला साबित हो गया हैं।

महापौर ने विगत 23 अप्रैल को हाईजेनिक मछली बाजार का निरिक्षण किया था। इस दौरान उन्होने निगम प्रशासन को एक सप्ताह के अंदर सभी मछली विक्रेताओं को हाईजेनिक मछली बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन दस दिन बीतने के बाद भी शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी नही हो पाई हैं। हाईजेनिक बाजार पहले की तरह जस के तस की स्थिति में है। इंदिरा मार्केट के व्यापारियों का कहना हैं कि, विगत दिनों मेयर के निर्देश के बाद ऐसी उम्मीद थी कि, उन्हें यहां उठने वाले बदबू से निजात मिल जाएगी। लेकिन दस दिन बाद कोई कार्यवाही नही होने से व्यापारियों में एक बार फिर से मायूसी साफ झलक रही हैं। निगम प्रशासन के लगातार प्रयास के बाद भी मछली बाजार के थोक व्यापारी वहां से टस के मस नही हो रहे हैं।

### बदबू से आसपास के व्यापारिक संस्थान और आवासीय इलाका परेशान







### व्यापारी बता रहे ऐसी परेशानी

मछली व्यावसायिक कल्याण संघ के अध्यक्ष पप्पू मटियारा ने बताया कि, मछली विक्रेता वहां पिछले चालीस साल से दुकान लगा रहे है। निगम द्वारा एलाट दुकानों का वे टैक्स देते है। उन्होने कहा है कि, बदबु सिर्फ मछली बाजार से नही, बल्कि थोक सब्जी बाजार के वेस्टेज से भी उठती हैं। उन्होने बताया कि, हाईजेनिक बाजार में जाने से ग्राहको की किल्लत हो जाएगी।

### मार्केट में 70 से अधिक चिल्हर विक्रेता

इंदिरा मार्केट में मछली बेचने वाले सत्तर से अधिक विक्रेता यहां दुकान लगाते हैं। यहां सुबह से देर रात तक सडांध से लोग परेशान रहते हैं। सुबह लोग दुकान खोलने जहां पहुंचते हैं, वहीं बदबु का भी आसपास के व्यापारियों को सामना करना पडता हैं। बडी बात यह है कि, इंदिरा मार्केट के पास जहां मछली विक्रेता बैठते है। वहां आसपास की खाद्य दुकान है। उन व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पडता है। क्योकि यहां से गुजरने वाले लोगों को मूंह बांधना मजबूरी हो

### बदबू के बीच आवासीय और व्यापारिक संस्थानें

इंदिरा मार्केट के जिस इलाके में मछली बाजार लगती है, वह इलाका आवासीय हैं। यहां से उठने वाली बदबू लोगों के घरो तक पहुंचती है, वहीं इससे लगकर ही पूरा बाजार संचालित होता हैं। व्यापारियों ने बताया कि, सुबह से ही यहां मछली से लोड वाहन बाजार में पहुंच जाते हैं। बताया गया कि, शाम होते ही सडांध से ज्यादा परेशानी होती है। कई बार व्यापारियों ने भी निगम प्रशासन से मछली दुकान हटाने की मांग की थी। लेकिन मांग के बाद भी समस्या के जस के तस हैं।

### पास में ही मंदिर, कुत्ते हो जाते हैं आक्रामक

मार्केट के पास मछली दुकान के 50 मीटर में ही मंदिर भी हैं। व्यापारियों की माने तो कई बार मछली के अवशेष को लेकर आसपास पहुंच जाते है। शाम होते ही यहां कुत्तो को जमावडा लग जाता है। जिससे कुत्ते आक्रामक हो जाते है। मवेशी की बढी जमघट भी देर शाम यहां दिखने लगती हैं। इंदिरा मार्केट में न सिर्फ मछली दुकाने बल्कि मटन और मुर्गा बाजार भी लग रहा है। जानकारी अनुसार यहां दर्जनभर मटन की दुकाने और दस से अधिक मुर्गा दुकान लगती हैं। वही 72 मछली दुकान संचालित हो रही है।

**करेंगे कार्रवाई**

इंदिरा मार्केट से मछली व मटन के विक्रेताओं के शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। बहरहाल अभी कर्मचारी शिविर और अतिक्रमण अभियान में व्यस्त है। जल्द ही शिफ्टिंग कराएंगे। **-अल्का बाघमार,** महापौर नगरनिगम दुर्ग

# कमिश्नर तक पहुंची घास जमीन बेचने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का 43 राजस्व निरीक्षक मंडल जुनवानी में दर्ज घास जमीन को बेचने की शिकायत संभागायुक्त से भी की गई हैं। मामले की गंभीरता को लेकर कलेक्टर द्वारा गठित टीम

- कलेक्टर के निर्देश पर पहले ही जांच कर रही टीम

के साथ ही अब संभागायुक्त ने भी जांच के निर्देश दिए है। माना जा रहा है कि, अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा गलत तरीके से घास जमीन को बेचने के मामले में कडी कार्यवाही हो सकती हैं।

जानकारी अनुसार नीरज चौरसिया द्वारा मामले की शिकायत संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर से की हैं। उल्लेखनीय हैं कि, भी कई प्रकरणों को संभागायुक्त द्वारा कडी कार्यवाही की गई थी। राजस्व निरिक्षक मंडल जुनवानी में निजी खाते में दर्ज करने के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे के खिलाफ कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। एडीएम की अगुवाई में टीम भी गठित की गई है। लेकिन जांच रिपोर्ट अब तक नही सौंपी गई हैं। जानकारी अनुसार आवेदक सीताराम पिता गिरधारी सुपेला भिलाई निवासी को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 661 के रकबा में 4000 वर्ग फिट भूमि जिसकी कीमत लगभग करोडों रूपए में है। इस जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमति और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के प्रतिवेदन के अवलोकन के बिना छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत भूमिस्वामी हक में आदेश पारित कर दिया गया। जो इनके कार्य क्षेत्र से बाहर है।

### जिले में घास जमीन सुरक्षित नहीं

घास जमीन को नियमतः नहीं बेचा जा सकता हैं। राजस्व रिकार्ड में इसे चारागाह के रूप में दर्ज किया गया हैं। इसके बाद भी जिले में लगातार घास जमीन को बेचने की शिकायतें सामने आ रही है। प्रशासन द्वारा इस मामले में कार्यवाही नही किए जाने से घास जमीन की बिक्री से न सिर्फ रसूखदार बल्कि अफसर भी परहेज नही कर रहे हैं।

## आयुक्त ने वार्ड 41 व 42 का भ्रमण कर शहर की साफ सफाई व्यवस्था की ली जानकारी

**दुर्ग।** कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ वार्ड 41 केलाबाड़ी सहित वार्ड 42 कसारीडीह, बेर पारा, सिविल लाइन, कसारीडीह चौक का भ्रमण कर वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। नालियों में तल तक सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कचरा कलेक्शन रिक्शा को रुकवाकर गीला-सूखा कचरा की जांच की। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है। लोगों के घरों में जाकर निगम की कचरा कलेक्शन गाड़ी प्रतिदिन समय मे आता है। लोगों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह घरों में गीला सूखा कचरा लेने निगम की गाड़ी आती है। अधिकारियों ने जानकारी में बताया कि डोर-टू-डोर संपर्क कर स्वच्छता अपनाने के लिए हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान व संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है।



# जनगणना की घोषणा होने की खुशी में कांग्रेसियों ने बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगातार सदन में जाति जनगणना की मांग की जा रही थी। जिसे वर्तमान में केन्द्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया हैं। जिससे उत्साहित कांग्रेसियों ने राजीव भवन दुर्ग में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर व दुर्ग शहर के अध्यक्ष गया पटेल के संयुक्त तत्वाधान में आज मिठाई बांटकर पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई गई। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि, हमारे नेता राहुल गांधी ने सरकार को झुका दिया। जाति जनगणना का निर्णय राहुल गांधी के साथ इस देश के हर उस व्यक्ति की जीत है, जिसका सदियों से शोषण हुआ है। अरुण वोरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और हर वर्ग को उचित हिस्सेदारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा राहुल गांधी ने हमेशा देश हित की बात की कोविड के 4 माह पहले राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को विदेशियों के आने पर रोक और एयरपोर्ट बंद करने की मांग की थी सरकार ने लापरवाही की जिसका खामियाजा देश की जनता ने उठाया, नोट बंदी का विरोध किया, नोट बंदी से कई आम नागरिकों को जान गवानी पड़ी, जीएसटी का विरोध किया। कार्यक्रम में दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रभारी कमलकांत शुक्ला, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल पूर्व सभापति राजेश यादव नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, भास्कर कुंडल, ज्ञान दास बंजारे, भोला महोबिया, राजकुमार नारायणी, राजकुमार पाली राजकुमार साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

- कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए कांग्रेसी, फोड़े पटाखे



### सुरेंद्र की आंखों से दो लोग देखेंगे रंगीन दुनिया

**दुर्ग।** जवाहर नगर इंडस्ट्रियल एरिया निवासी गोधा परिवार ने अपने परिवार की परम्परा जारी रखते हुए सुरेंद्र कुमार गोधा के निधन के पश्चात उनके देहदान व नेत्रदान से दो परिवारों को नया जीवन मिलेगा। दो नेत्रहीन अब प्रकृति को श्री गोधा की आंखों से देख पाएंगे एवं देहदान से मेडिकल के छात्रों के अनुसंधान को मदद मिलेगी। गोधा परिवार की ओर से सत्येंद्र गोधा, श्रद्धा जैन, शैलेश जैन, पुत्री, दामाद सहित समस्त गोधा परिवार की सहमति से देहदान व नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण हुई। श्री गोधा के निधन का समाचार मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन से राज आढ़तिया, कुलवंत सिंह भाटिया, रितेश जैन, मोहित अग्रवाल, मंगल अग्रवाल, उपस्थित रहे व सम्पूर्ण प्रक्रिया को पूरा करने में सहयोग दिया। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर, डॉ उत्कर्ष, बंसल डॉ संजना शर्मा, डॉ सौम्या देवांगन एवं नेत्र सहायक विवेक कुमार ने नेत्रदान पूर्ण किया।

**अतिक्रमण अभियान चौथे दिन भी जारी :** दुर्ग। ननि के अतिक्रमण हटाओ अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। आज मान होटल चौक से हटरी बाजार तक अतिक्रमण हटाया गया।

# निकाय और पंचायत चुनाव के बाद अब रिसाली निगम की बारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भाजपा उतई, मरोदा-पुरैना, रिसाली मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं स्वस्फूर्त चार्ज होने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली, अब बारी रिसाली में होने वाले निगम चुनाव की है। कार्यकर्ता रिसाली चुनाव को लेकर अभी से कमर कस लें। बैठक में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, मनोज सोनी, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, राजू जंघेल, अनुपम साहू शैलेंद्र शेंड प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। चंद्राकर ने कहा कि हमारे जिले के जिला अध्यक्ष संगठनात्मक बैठक लेने पहली बार उतई मंडल पहुंचे हैं। जिला अध्यक्ष के पद पर आसीन होते ही आचार संहिता लग गई। इसके बाद हमने निकाय और पंचायत चुनाव में सफलता हासिल की। हमारी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान की दिशा में काम कर रही है। आने वाले दिनों में नगर निगम रिसाली में चुनाव होंगे। उसके लिए हमें अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। कौशिक ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का अगर उद्दार हो इसके लिए हमें प्रयास करना होगा।

## तिलक कन्या स्कूल में लगाया गया समाधान शिविर

# शिविर में खाली कुर्सी झांकते रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुशासन तिहार 2025 के तृतीया चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन शासकीय तिलक स्कूल में किया गया था। सुबह दस बजे से लगे शिविर में फरियादी तो नही आए, ऐसे में शिविर में कुर्सी खाली डोलती रही। समस्याओं के सामाधान जानने कुछ ही फरियादी शिविर में पहुंचे थे, जिन्हें प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर में 408 आवेदन मिले थे, जिसमें 359 का सामाधान किया गया।

- गिनती के लोगों को बांटा गया प्रमाण पत्र



### दीपक नगर स्कूल में लगेगी शिविर

पांच मई को वार्ड एक से 11 और वार्ड 30,31,56 के लिए आयोजित किए गए थे। इन वार्डो से मिले आवेदनों का शिविर में सामधान किया गया। आगामी चौदह मई को वार्ड 23 स्थित स्वामी आत्मानंद उमावि दीपक नगर में आयोजित किया जाएगा। इसमें वार्ड 23 से 26 तक और 47,48,59,60 में मिले आवेदनों का सामाधान किया जाएगा।

सुबह से ही शिविर में फरियादियों की संख्या बेहद कम रही, जो चर्चा का भी विषय बन रहा। अफसरों में इस बात की गुपचुप होते रही कि, आगामी दिनों पांच बजे तक बैठने के बजाय समय में कटौती की जाएगी। शिविर में निगम के कुछ ही पार्षद अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए फरियादियों को लेकर पहुंचे थे। सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों का समाधान करने शासकीय तिलक कन्या स्कूल में शिविर में लगाया गया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल में निरीक्षण कर अवलोकन कर समस्यों के निराकरण प्रकरणों की जानकारी। इस क्रम में आवेदन लेकर शिविर में पहुँचे हितग्राहियों का राशन कार्ड, श्रम कार्ड सहित अन्य प्रमाण पत्र का आवदेन दिया तत्काल श्रम कार्ड, राशन कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। नगर निगम दुर्ग आज के सम्बंधित वार्ड के कुल आवेदन 408, निराकृत 359 शेष 49 रह गया।

# व्यक्ति की पहचान आचरण से, श्रेष्ठ होगा तो आने वाली पीढ़ी करेगी पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ग्राम मचांदुर मे महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन मे आयोजित राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह के नवनिर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान समारोह में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए।

समाज की तरफ से विधायक को स्मृति चिन्ह और तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। चंद्राकर ने कहा कि क्षत्रिय बंधु अपने पूर्वजों की भांति कर्तव्य का पालन कर जनसेवा कर रहे हैं, जो हमारे रक्त की तासीर है। वर्तमान समय की मांग भी है। उस मांग को पूरा करने के लिए आप सभी कटिबद्ध है। व्यक्ति की पहचान उसके जीवन से होती हैं। यदि हमारा आचरण श्रेष्ठ होगा तो आने वाली पीढ़ी हमारा अनुसरण करेगी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने इसके साथ ही शादियों में हो रही फिजूल खर्चे को रोककर शिक्षा में खर्च करने की बात कही। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों व कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चंद्राकर ने कहा कि आज का युग शिक्षा का है, इसलिए जागृति आवश्यक है। शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान होना आवश्यक है। बिना व्यवहारिक ज्ञान के व्यक्ति अधूरा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, उपसमिति अध्यक्ष सरदचंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, पंकज कुमार भुवाल, अजय सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, अनुराग सिंह, महेन्द्र सिंह, अवध सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।



# नेहरू हाउस में शुरू हुई अभिनय की पाठशाला, नौनिहाल 20 दिन सीखेंगे नाट्य कला के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पहले गर्मी की छुट्टियों का मतलब होता था- नानी, दादी की कहानियां सुनने के साथ खूब धमाचौकड़ी। लेकिन बदले दौर में अब नौनहिलों का सुबह का वक्त टैलेंट हंट के गुर सीखते बीतता है। और टिप्स यदि एक्टिंग और डांस के हों तो फिर क्या कहने । सेक्टर 1 नेहरु सांस्कृतिक भवन परिसर में आज जब इप्टा भिलाई के बहुप्रतीक्षित 27 वां ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। ट्विनसिटी में समर वेकेशन लगते ही कला और संस्कृति में रुचि रखने वाले बच्चों को इप्टा के इस नाट्य प्रशिक्षण शिविर का बेसब्री से इंतजार होता है। पिछले 26 साल से लगातार आयोजित 20 दिवसीय इस रंग कार्यशाला में शिविर से निकले बाल कलाकारों के साथ नए बच्चे भी आते हैं। खेल खेल में बच्चों को इप्टा के युवा और वरिष्ठ रंगकर्मी नाट्य कला की बारिकियां सिखाते हैं। हर्ष और उल्लास के माहौल में शुरु हुए शिविर का उदघाटन वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू ने ने किया। अध्यक्षता शासकीय कालेज उतई से रिटायर प्राचार्य डां. कोमल सिंह शार्वा ने की।

## इप्टा के ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आगाज

### कृष्ण की बाल लीलाओं से प्रेरणा लें

लोकबाबू ने नाट्य शिविर की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यहां बच्चे कला के साथ इंसानियत का सबक भी सीखेंगे। उन्होंने बच्चों को भय,भूख और भाग्य की कहानी भी सुनाई । डां. शार्वा ने कृष्ण की बाल लीलाओं में उनके नटखट अभिनय और जीवन से प्रेरणा लेने कहा। भिलाई इस्पात संयंत्र के योग शिक्षक अरुण पंडा ने पहले सत्र में बच्चों को देनिक जीवन में योग आसन , उसकी जरूरत और योग के फायदे बताए । इस अवसर पर रंगकर्मी अपराजित शुक्ल,भिलाई इप्टा के उपाध्यक्ष भारत भूषण परगनिहा,नरेंद्र पटनारे, चित्रांश श्रीवास्तव,मिराज, अंशुमन, श्रीनू, अमिताभ शर्मा, शनिद अहमद, आदर्श गोपेश, राजेश श्रीवास्तव कोमल धनेसर, गौकरण, किशोर आदि रंगकर्मियों सहित बच्चे उपस्थित थे।







### सिखाएंगे कला के संस्कार

रोज सुबह 7 से 10 बजे तक 30 मई तक चलने वाले 25 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण शिविर में बच्चे अभिनय, डांस, संगीत आदि नाट्य कला के गुर सीखेंगे। वरिष्ठ और युवा रंगकर्मियों द्वारा रोचकता और संजीदगी से खुशनुमा माहौल में रंगकर्म के टिप्स दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिविर में तैयार नाटकों, डांस, लोकगीतों, जनगीतों आदि कलाओं का रंगारंग मंचन किया जाएगा। वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में इस साल अधिक बच्चे ले रहे हैं। भिलाई दुर्ग के अलावा कुछ बाहर के भी बच्चे आते हैं। शिविर में बच्चों के साथ पालकों की भी रुचि होती है। अपनी गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कर कलात्मक संस्कार हासिल करते हैं।

## खबर संक्षेप



### टाउनशिप में सड़क किनारे लगे अवैध ठेले हटाए

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग के दस्ते द्वारा सोमवार को टाउनशिप में सड़कों के किनारे अवैध धंधे कर रहे ठेले वालों को हटाया गया। चार ठेलों की जप्ती किया गया और कई ठेले वालों चेतावनी दी गई।

व्यस्ततम सड़कों के निकाने अवैध ठेलों से आवागमन में परेशानी और आए दिन दुर्घटनाओं को देखते हुए अभियान तेज किया गया। ठेला माफियाओं द्वारा ठेलों को किराया में देकर जगह जगह ठेला लगवाया जा रहा है । सेक्टर 8 स्टील क्लब चौक, सुपेला अंडर ब्रिज से 30 ठेले हटाए गए और 4 ठेलों को जब्त किया गया। जप्ती की गयी 1 सेक्टर 10 चौक से 20 अवैध ठेले हटाए। इसके अलावा सेक्टर 6 से तीन बीएसपी क्वार्टर से अवैध कब्जों को खाली करवाया गया । खिड़की दरवाजा निकालकर मेंटेनेंस ऑफिस में जमा किया गया। आवासों को रखरखाव कार्यालय के सुपुर्द किया गया।

### आश्रय गृह में बनेगी नई रसोई भोजन शेड का भी होगा निर्माण

**भिलाई।** फील परमार्थम फाउंडेशन के आश्रय गृह में रसोईघर और भोजन शेड का निर्माण किया जाएगा। इसका सांसद विजय बघेल ने भूमिपूजन किया। आश्रय गृह परित्यक्त बुजुर्गों एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को देखभाल एवं सहारा प्रदान करता है। इस शेड का निर्माण सरदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा उनके कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत किया जा रहा है। वर्तमान में आश्रय गृह में 85 असहाय लोगों की सेवा की जा रही है, जबकि वर्तमान रसोई और भोजन कक्ष में एक समय में केवल 40 लोगों के लिए ही सुविधा उपलब्ध है।

## पुरैना और अंडा में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन, मिली शिकायतें

# दो महीने से नहीं मिली शक्कर, शिकायत पर विधायक ने किया दो दुकानों को निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुशासन तिहार के अंतिम चरण के पुरैना में आयोजित शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने न केवल शिकायत वाले आवेदन का सूक्ष्मता से अध्ययन किया, बल्कि अपनी उपस्थिति में निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने शिकायत मिलने पर पुरैना में संचालित दो राशन दुकान को निरस्त करने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललीत चंद्राकर ने कहा कि विष्णुदेव सरकार इस बात पर कटिबद्ध है कि नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर भटके न। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण व शहरी स्तर पर इस तरह का शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान तत्काल निर्धारित अवधि में करने का निर्णय ली है। उन्होंने पुरैना के नागरिकों की मांग पर खाद्य विभाग के अधिकारी वसुधा गुप्ता को निर्देश दिए कि पुरैना में संचालित राशन दुकान को निरस्त कर नए सिरे से आवंटन करे। दरअसल नागरिकों का कहना था कि दो महीने से राशन दुकान से शक्कर उपलब्ध नहीं हो रहा है। शिविर में विधायक ने दो लर्निंग लाइसेंस का वितरण भी किया। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने शासन के विभिन्न योजनाओं समेत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किए जाने संबंधी जानकारी नागरिकों व मंचस्थ अतिथियों को दी। शिविर में मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनूपम साहू समेत लक्ष्मण राव व डी साई विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार में मौके पर कार्रवाई



### 64 आवेदन का किया निराकरण

पुरैना के तीन वार्ड में नागरिकों ने प्रथम चरण में कुल 65 आवेदन समाधान पेटी में डाला था। स्कूटनी के बाद निगम ने 64 आवेदनों का निराकरण किया। इसी तरह आज शिविर में कुल 312 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 303 मांग और 09 शिकायत के आवेदन शामिल है। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में 32 मांग व 1 शिकायत आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं सुशासन तिहार के तहत कुछ हितग्राहियों ने राशन कार्ड बनाने की मांग की थी। पुरैना शिविर में अतिथियों ने पुरैना के नेहा खान, गणेशी, रत्ना पटेल, राजेश्वरी व गुड्डी गुप्ता का राशन कार्ड वितरण किया गया।

### हटाया अतिक्रमण

सुशासन तिहार के तहत नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा पुरैना में तीन वार्डो के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में नाली के ऊपर अतिक्रमण करने की शिकायत मिली थी। निगम आयुक्त ने उसे तत्काल निराकरण करते कब्जा मुक्त कराया। समाधान शिविर में निगम के 12 स्टाल के अलावा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत, लोक निर्माण वन, खाद्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### दूसरा चरण 7 मई से

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सुशासन तिहार कार्यक्रम शुरु होने जा रहा है। इस दौरान प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल को संपन्न हुआ। इसका दूसरा चरण 7 मई से शुरु होगा, जो वार्ड 1 से 6 के लिए 7 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन उमदा में होगा। वही दुसरा समाधान शिविर वार्ड 7 से वार्ड 18 के लिए 14 मई को मंगल भवन भिलाई तीन में किया जाएगा। वार्ड 19 से 29 के लिए तीसरा समाधान शिविर सामुदायिक भवन चरोदा में 21 मई को होगा। चौथा व आखिरी समाधान शिविर वार्ड 30 से लेकर वार्ड 40 के लिए 28 मई को सामुदायिक भवन सोमनी में आयोजित होगी।

### अंडा में सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे सांसद बघेल



**भिलाई।** सुशासन समाधान शिविर का आयोजन सोमवार को अंडा में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने की। इस अवसर पर बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर भरोसा कर लोग अपनी शिकायत लेकर आए हैं। जब हमारी पूर्व की सरकार में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह थे, तब भी ऐसे ही शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण किया जाता था। 15 गांवों का ग्रुप बनाकर शिविर लगाया जा रहा है। शासन-प्रशासन की तैयारी है कि आए 622 आवेदनों का निराकरण होगा। महतारी वंदन योजना के 256 आवेदन आए हैं, सभी पात्र हैं। शिविर में सभी प्रमुख विभागों की समस्या के आवेदन लिए गए। शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, आईजी राम गोपाल गर्ग आदि उपस्थित थे।

## नई खदानें अनवरत खोलना व्यावहारिक नहीं: मुखोपाध्याय



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की आयरन ओर कॉम्प्लेक्स-खानों द्वारा सिलिका रिडक्शन प्लांट (एसआरपी) की उत्पादकता एवं विश्वसनीयता में सुधार के उद्देश्य से प्रदर्शन सुधार कार्यशाला का आयोजन भिलाई निवास में किया गया । उदघाटन कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने किया । कार्यपाल निदेशक एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र सलूजा, मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय व उन्मेश भारद्वाज, आरबी.गहरवार, अनुपम बिष्ट, सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर भी उपस्थित थे। कार्यशाला में बीएसपी की माइन्स विभाग के महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों के साथ एनएमडीसी, एलएंडटी, आईआईएमटी, एनएमएल, वेसटेक इंजीनियरिंग, मेट्सो, वियर मिनरल्स, ज्योति पंप्स, एरीज़ तथा एबीबी जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित खनन एवं अभियांत्रिकी संगठनों से लगभग 50 प्रतिनिधि शामिल हुए । दो दिवसीय यह कार्यशाला संयंत्र के विभिन्न परिचालन सेक्शन्स में विशेष रूप से सिलिका रिडक्शन प्लांट एवं उससे जुड़ी उपयोगिताओं की दक्षता, विश्वसनीयता एवं लागत प्रभावशीलता को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। प्रतिभागी प्रतिनिधि अपनी तकनीकी प्रस्तुतियों में सिलिका रिडक्शन प्लांट से जुड़ी दीर्घकालिक तकनीकी चुनौतियों और परिचालन सुधारों के लिए अपनी रणनीतियाँ प्रस्तुत कर रहे हैं। श्री मुखोपाध्याय ने कहा कि उत्पादन लक्ष्यों के साथ प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग भी हमारी जिम्मेदारी है। नई खदानें अनवरत खोलना व्यावहारिक नहीं है, मौजूदा खदानों से अधिकतम निष्कर्षण आवश्यक है। इसमें सिलिका रिडक्शन प्लांट की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## बिना ढक्कन की टंकी बनी खतरे की घंटी, ठेकेदार की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक अंतर्गत गांव गांव में पेयजल के लिए खरखरा से पानी प्रदाय करने के लिए पाइप लाइन बिछाया गया है। पाइप लाइन के बीच-बीच में टैंक बनाया गया है तथा साथ ही उसे ढकने के लिए ढक्कन भी बनाया गया है, कई महीने बीत जाने के बाद भी टैंक को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है जबकि उसे ढक दिया जाना चाहिए, गांव का पहुंच मार्ग सिंगल रोड होने के कारण व रात में सामने से वहां आने पर लोग रोड को परख नहीं पाते, कुछ दिन पूर्व कसही रोड में हुई घटना को ग्रामीणों द्वारा गड्ढे व वहां पर रखे ढक्कन के कारण जोड़कर देखा जा रहा है। दुर्घटना से घटित व्यक्ति अभी भी कोमा में है। ढक्कन को बिल्कुल रोड पर ही बनाकर छोड़ दिया गया है। रात्रि में लोगों का आना जाना लगा



रहता है। मवेशी भी विचरण करते रहते हैं। जहां पर भी इस तरह का टैंक बनाकर बिना ढक्कन के छोड़ दिया गया है, ग्रामीणों द्वारा तत्काल इसे ढकने की मांग की गई है। कौन ठेकेदार है किसी को पता नहीं है।

## वायर रॉड मिल ने सेल एसईक्यूआर 550 डी का क्वाइल रूप में की सफल रोलिंग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल (डब्लूआरएम) ने 10 मिमी सेल एसईक्यूआर 550 डी को क्वाइल रूप में सफलतापूर्वक रोल किया। नया उत्पाद संयंत्र के उत्पाद से निर्माण कार्यों में प्रयुक्त उच्च गुणवत्ता के इस्पात की मांग को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि वायर रॉड मिल, जो इलेक्ट्रोड उद्योग के लिए इलेक्ट्रोड गुणवत्ता वाले वायर रॉड के उत्पादन के लिए जानी जाती है। भूकंपरोधी (ईक्यूआर) एवं जंगरोधी (एचसीआर) श्रेणी के टीएमटी वायर रॉड भी बनाती है, अब सेल एसईक्यूआर वैरिएंट को भी अपने उत्पादों में शामिल कर चुकी है। इस विकासात्मक प्रयास के तहत 500 टन सेल एसईक्यूआरटीएमटी कॉएल्स का उत्पादन परीक्षण आदेश (ट्रायल ऑर्डर) के रूप में किया गया। आरसीएल, इंस्ट्रुमेंटेशन, पीएलईएम, एसएमएस-3 और पीपीसी विभागों की टीमों ने वायर रॉड मिल के सहयोगियों के साथ समन्वय में कार्य करते हुए इस उपलब्धि को संभव बनाया। मुख्य महाप्रबंधक एम.के. गोयल ने वायर रॉड मिल की टीम व सभी विभागों के योगदान की सराहना की। टीमवर्क और अंतर्विभागीय समन्वय की भावना को इस सफलता की कुंजी बताया।

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने की बीईओ से मुलाकात कर रखी मांगे...



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के शिक्षक संवर्ग का युक्तियुक्तकरण, मृत शिक्षक पंचायत संवर्ग के आश्रितों के पेंशन प्रकरण, सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ पासबुक संधारण निराकरण के संबंध में चर्चा हेतु विकासखंड शिक्षाधिकारी हिमांशु मिश्रा से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सौजन्य भेंट किया गया। चर्चा में सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी अश्वन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश कुमार साहू, प्रदेश संगठन सचिव बीरबल सिंह देशमुख, पूर्व अध्यक्ष माधव साहू उपाध्यक्ष बृजमोहन मानिकपुरी, महासचिव खेमन साहू उपस्थित रहे।

## देवबलौदा में आंबेडकर पर हुई गोष्ठी

**भिलाई।** भाजपा चरोदा मंडल के द्वारा भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर सम्मान गोष्ठी का कार्यक्रम देवबलोदा में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने किया। मुख्य वक्ता के रुप में महामंत्री प्रेम लाल साहू थे। विशेष अतिथिपूर्व महापौर चंद्रकांता माण्डले, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, प्रभारी अंबेड़कर सम्मान समिति पी एन शर्मा,पार्षद शिव कुमारी यादव मौजूद थे। कार्यक्रम में श्री देवांगन ने कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर को असली सम्मान भाजपा ने दिया है। संविधान बदलने का आरोप कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया है वह झूठ है। कांग्रेस ने बाबा साहब का सिर्फ अपमान की भाजपा ने मरणोपरांत भी बाबा साहब को भारत रत्न से सम्मानित किया।

**छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत 65**
**ईश्तहार**

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक - **क्र.** 01, **हस्तांतरण का नाम पिता/पति का नाम**-श्रीमति श्यामा बाई पति श्री देवीप्रसाद, **किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता / पति का नाम** -श्री राजेश कुमार केला पिता श्री बच्छराज केला, **खसरा नंबर / रकबा** - 554, 1470 वर्गमीटर, **पंचायत रिकार्ड क्र/सरल क्रमांक** - 29, नामांतरण का आधार - **टीप** - उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन / मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपाति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपना आपात्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपात्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकरी**
**नगर पंचायत गुरूर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम गुरूर एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त कुमार सिन्हा आ. तुलाराम जाति कलार साकिन गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद द्वारा ग्राम गुरूर प.ह.नं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 788 रकबा 0.03 हे. लगान 0.22 रू. माता पतईया बाई बेवा तुलाराम के नाम पर दर्ज है। आवेदक की माता द्वारा उक्त भूमि का वसीयतनामा दिनांक 16.03.2017 को आवेदक के नाम पर निष्पादित किया है। अतः वसीयतनामा के आधार पर उक्त भूमि पर से माता पतईयाबाई का नाम विलोपित्त कर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु वसीयतनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण में कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15/05/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया। (मुहर) **तहसीलदार गुरूर**

पेज 11 के शेष

### महतारी वंदन योजना बनी ...

सविता टेकाम ने भी की है। उन्होंने कहा कि खेती किसानी एवं मेहनत–मजदूरी का कार्य ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का आधार है। खराब स्थिति के बावजूद उन्हें और उनके बच्चों में पढ़ाई–लिखाई के प्रति उन्हें अपार लगाव है। लेकिन घर की आणथक स्थिति खराब होने के कारण बच्चों की पढ़ाई के लिए राशि का प्रबंध करने के लिए बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि उनके बच्चों पढ़ाई–लिखाई के लिए सहारा बन कर मेरे एवं मेरे परिवार के सपनों को पंख देने एवं संबल प्रदान करने का कार्य कर रहा है। इस योजना से मिले राशि का उपयोग अपनी पुत्री के हेल्थ केयर प्रशिक्षण के शुल्क जमा करने में किया है। इस तरह से यह योजना मेरी पुत्री के पढ़ाई–लिखाई के लिए वरदान साबित होकर उनके सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### साइंस टीचिंग वर्कशॉप में ...

और उनके गलतियों पर फोकस न करे । वो जो भी बोलते है उन्हे बोलने की कोशिश करने दे। इसके पश्चात हेण्डस आन एक्टिविटी को विषय आधारित कराया गया । इसके शिक्षकों को विषय आधार पर अलग अलग ग्रुप में बांट दिया गया। भौतिकी विषय में अंकित सर एवं मनीषा मेम ने एप के द्वारा भौतिकी के बहुत से सिद्धांतो को ग्राफिक्स के माध्यम से समझाया गया। स्टीम आर्ट के अंतर्गत पॉट बनाना, थ्रीडी पेन से विभिन चीजें जैसे चश्मा तितली आदि बनाए। पेन प्लाटर से हम मनचाहा डिजाइन बनाना सीखे । फिर अंत में साइंटिस्ट एवं प्रोफेसर डां आकाश अरोरा के द्वारा साइंट को टीम वर्क के द्वारा कैसे सीखना है उसे क्वीज के माध्यम से बताया गया ।वर्कशाप के चतुर्थ दिवस तीन सांइटिस्ट को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें प्रो एवं साइंटिस्ट निशिकांत सुबेदार ने ब्रेन कैसे कार्य करता है उसके बारे में रोचक तरीके से बताया और हमारे सवालो के जवाब भी दिए। वर्कशाप के पांचवे दिवस अलग अलग विषय के लेब विजिट कराया गया। मनीषा मेम के द्वारा इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के अंतर्गत ब्रेडबोर्ड के माध्यम से परिपथ तैयार करना एवं विभिन्न प्रयोग समझाया गया। छग के पांच जोन के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और फिर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कबड्डी को ओलंपिक में शामिल कराने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त की योजना बैठक हुई। बैठक में 23 जिलों से 65 पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ एवं महाकौशल प्रान्त प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल ने कहा कि खेल नीति को लेकर महत्वपूर्ण कार्य करने की योजना बनी है, जिसे लेकर सक्रिय होना है।

आगामी 2036 में भारत मे होने वाले ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल करवाने का पूरजोर प्रयास करना है। क्रीड़ा भारती द्वारा समय-समय पर खेल संवाद कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर कराया जाना है । क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष नीता डूमरे ने पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। प्रान्त मंत्री सुमित उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में क्रीड़ा भारती में मातृशक्ति प्रमुख की नियुक्ति करनी है। दिव्यांगजनों के बीच खेल को बढ़ावा देने का कार्य, क्रीड़ा केंद्र प्रमुख तय करना एवं क्रीड़ा आयाम जैसी गतिविधियां करनी है। सदस्यता अभियान को गति प्रदान करनी है। बैठक में हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों में हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर का 3 दिवसीय प्रवास 19, 20, 21 जून को होना है। 14 सितंबर को क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जसविंदर बग्गा को प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मिनल चौबे को कार्यकारिणी सदस्य, अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी अजयदीप सारंग को प्रान्त क्रीड़ा केंद्र प्रमुख का दायित्व दिया गया। बैठक में कई प्रमुख जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी गई।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मेटाडोर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** ड्यूटी से घर लौट रहे बाइक सवार को मेटाडोर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में लिया है। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि मृतक ग्राम दारगांव धमधा निवासी चुम्मन लाल साहू 28 अप्रैल को अपनी बाइक सीजी 07 बीसी 2199 में सवार होकर ग्राम रसमडा, रायपुर पावर प्लांट से काम खत्म कर अपने घर आ रहा था। इस दौरान भटगांव चैक के पास अपर्णा कार्बन फैक्ट्री के सामने मेटाडोर सीजी 07 सी 8226 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार चुम्मन लाल साहू को चपेट में लिया। जिसे शरीर में गंभीर चोट आने से उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### केयर टेकर ने चुराए सोने के जेवर, फरार

**भिलाई।** महिला केयर टेकर ने मकान के सोने के जेवरात को पार कर फरार हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 11/8 प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम सुपेला निवासी अमन सिंह ने शिकायत कि घर की छोटी बच्ची को देखभाल के लिए लाईफ केयर टेकर को रखा गया था। दुर्ग से आई महिला टेकर अंजनी ने 1 से 2 मई की शाम आलमारी से एक 23 कैरेट सोना 9.6 ग्राम पुरानी इस्तेमाली 40 हजार रुपए का चोरी कर लिया। जेवरात को आसपास पतासाजी किया नहीं मिलने पर चोरी की शिकायत पुलिस में किया गया।

### मोबाइल लूटकर भागने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अम्बेडकर चौक नहर पारा निवासी तेजप्रकाश साहू रात को अपने घर से निकल कर शांति नगर पालीवाल होटल के पास जा रहा था। इस दौरान बाइक सीजी-07 सीजी 9157 से दो अज्ञात युवक पहुंचे और मोबाइल छिनकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने शांति नगर दशहरा मैदान के पास एक युवक मोबाइल बेचने की फिराक मे ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर ने पर अपना नाम आर्य नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी लव कुमार चौबे होना बताया है। आरोपी लव कुमार अपने दोस्त मोहन साहू के साथ मिलकर मोबाइल छिनकर फरार होना स्वीकार किया। आरोपी लव कुमार ने पुलिस को बताया कि अवंति विहार चौक, कुरूद रोड़ में छिनकर फरार हुआ था।

### जुआरियों से 1.24 लाख जब्त, 15 को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर उन्हें मुचलके में छोड़ दिया गया। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम खुडमुडा कुछ लोगो के द्वारा गोपाबाड़ी के खुले स्थान पर तास पत्ती खेल रहे थे।

### अर्जुंदा महाविद्यालय में तृतीय लिंग समुदाय के समावेशन पर अतिथि व्याख्यान

# समाज में तृतीय लिंग समुदाय को समान अवसर देने की आवश्यकता : डॉ. सुचित्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहीद दुर्वासा निशाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में समाजशास्त्र विभाग एवं महिला प्रकोठ के संयुक्त तत्वाधान में तृतीय लिंग समुदाय समावेशन की ओर विशय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारती विश्वविलय की डॉ. सुचित्र शर्मा थी। विशिट अतिथि शहीद कौशल यादव महाविलय गुंडरदेही धनसिंह सहारे उपस्थित थे। डॉ. समीर दशपुत्रे ने तृतीय लिंग समुदाय के समाज में प्रतिनिधित्व एवं तृतीय ऋृलग समुदाय को महिला तथा पुरुश की भांति समाज में समान अवसर की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। महिला प्रकोठ संयोजक डॉ. अरुणा साव ने तृतीय लिंग समुदाय के समाज में समावेशन की आवश्यकता पर जोर दिया, धनसिंह सहारे ने बालोद क्षेत्र में रहने वाले तृतीय लिंग समुदाय के बारे में जानकारी दी कि कैसे वो समाज में भेदभाव के शिकार है और अपनी पहचान छिपाते है। उन्हें हमें समाज में मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करना चहिए। मुख्य वक्ता डॉ. सुचित्र शर्मा ने तृतीय लिंग समुदाय के बारे में विस्तार से चर्चा की, परिवार के लोग स्वयं इन्हें स्वीकार नहीं करते, उन्होंने तृतीय लिंग समुदाय के वगऍकरणएवं लैंगिक पहचान के आधार पर समाज में इनके साथ भेदभाव की स्थिति के बारे में बताया, ऐतिहासिक प्रमाण जैसे रामायण एवं महाभारत में भी इस समुदाय का उल्लेख की जानकारी दी, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समुदाय के कानूनी पहचान एवं अधिकार ,भारतीय परिप्रेक्ष्य में इस समुदाय के समावेशी विकास के बारे में बताया कि कैसे इन्हें समाज में समान दर्जा एवं प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है तथा समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कैसे समावेशी समाज का निर्माण किया जा सकता है।



**मीडिया के जरिए लाई जा सकती है जागरूकता**

उन्होंने इस समुदाय के विकास के लिए कहा कि मीडिया एवं प्रचार–प्रसार ही एक माध्यम से जिससे समाज में जागरुकता लाई जा सकती है, मानसिक स्थिति में सुधार के द्वारा भी एक हद तक इस समुदाय की स्थिति सुधार सकते हैं, डॉ. शर्मा ने तृतीय ऋृलग समुदाय के कुछ चणचत व्यक्तित्व जैसे लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, मधुकिन्नर, शबनम बानो, निठा विश्वास, गंगा कुमारी एवं ज्योति मंडल आदि के बारे में जानकारी दी कि कैसे समाज में भेदभाव के बावजूद उन्होंने समाज में एक सम्मानजनक पद हासिल की।

**तृतीय लिंग के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करना था उद्देश्य :** कार्यक्रम में विशय से संबंधित प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया गया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में तृतीय लिंग समुदाय के प्रति विद्याणथयों को जागरुक करना था, जिससे इस समुदाय को समाज में समान अवसर एवं सम्मान प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष दीपिका कंवर द्वारा किया गया, कार्यक्रम में डॉ. राजकुमारी गजपाल व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के पंचम दिवस में योग, वैदिक ज्ञान और शिक्षण विधियों पर दिया जोर



**लाटाबोड़।** दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग पंचम दिवस सरस्वती शिशु मंदिर बरबसपुर में प्रातः कालीन बेला में योगाचार्य युधिष्ठिर साहू द्वारा प्राणायाम आसन को अवगत कराते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया योगेश्वर साहू द्वारा प्रातः स्मरण एकता मंत्र आदि के द्वारा वैदिक मंत्रों के माध्यम से अपने जीवन को सफल बनाने के लिए वैदिक देवी देवताओं नदियों आदि के बारे में जानकारी दिया तत्पश्चात व्यायाम श्रंखला व सूर्य नमस्कार विष्णु प्रसाद सिंघाड़े और चेमन लाल साहू द्वारा स्वस्थ जीवन को परिभाषित करने का मार्गदर्शन दिया गया।

प्रथम कालांश में पंचपति शिक्षण पद्धति पर सियाराम सार्वा पूर्ण क्रांति सचिव द्वारा शिक्षक बड़ी के ऊपर मार्गदर्शन किया गया द्वितीय कलांस में दीपक हिरवानी जिला समाज द्वारा पांच आधारभूत विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि शिशु मंदिर का जड़ 5 आधारभूत विषय ही है तृतीय कालखंड अंग्रेजी शिक्षण में श्री चेमन लाल साहू वर्तमान युग में अंग्रेजी शिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया। संध्याकालीन बेला में मुख्य शिक्षक युधिष्ठिर साहू के मार्गदर्शन में संता श्री योगेश्वर साहू द्वारा योगचैप विष्णु प्रसाद सिंघारे द्वारा, न्यूध्य गोपाल गोपाल पटेल द्वारा सिखाया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य विक्रम साहू जिला समय में दीपक हिरवानी, वर्ग प्रमुख दुलार सिंह पटेल रोहिणी साहू पूर्णिमा साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा पंचम दिवस पंचम दिवस रात्रि कालीन बेला में समस्त शिक्षार्थी द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया उपस्थित दर्शन बंधु एवं ग्रामीण जनों द्वारा इस कार्यक्रम को खूब प्रशंसा प्रदान की गई।

# जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य, आत्मविश्वास और परमात्मा का साथ जरूरी: बीके शानू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सफलता के लिए पांच बातें जरूरी है, पहली बात लक्ष्य का चुनाव करना, दूसरी बात ढ़ता, तीसरी बात प्रयास, कोशिश, चौथी बात आत्मविश्वास, पांचवलृ बात परमात्मा का साथ। अगर हम अपने जीवन में सफल होना चाहते है तो इन 5 बातों को ध्यान में रखकर कार्य करें। सफलता प्राप्त करने के लिए सबको आगे बढ़ाना है। सबका सम्मान करना है, अच्छा सोचना है, अपने लिए भी और दूसरों के लिए भी। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में आयोजित समर कैंप के षष्ठम दिवस बी.के. शानू ने कही।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केन्द्र द्वारा दस दिवसीय संस्कार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप मे सभी बच्चों को मेडिटेशन भी कराया गया। कैंप के षष्ठम दिवस प्रीति ने कहा कि स्कूलों में जो शिक्षा प्राप्त होती है वह है भौतिक शिक्षा। जिसको प्राप्त करके व्यक्ति को एक अच्छा संस्कार और नौकरी प्राप्त होता है। जिससे वह बच्चों में नैतिक मूल्य भी शामिल कर देते है तो उसके व्यक्तित्व में और निखार आएगी। नैतिक मूल्य है, जैसे अनुशासन, समझ, चरित्र का निर्माण, दृष्टीकोण, समझ एकता, आशावादी, अपने भौतिक सुख, साधनों की वस्तुएं प्राप्त होती है। यदि भौतिक शिक्षा के साथ सज्जन्नता, समर्पण की भावना, सहन करना ईमानदारी आदि को भी सम्मिलित कर दिया जाए तो जीवन सुदर व तेजमय हो जाता है।

**संस्कार समर कैंपः सफलता के पांच सूत्रों से बच्चों को कराया गया परिचय**



### विदाई में सम्मान और स्नेह से झलका प्रधानपाठक के प्रति आदर

**डौंडीलोहारा।** नसीरुद्दीन अंसारी प्रधान पाठक के सेवानिवृत्त होने पर संकुल करेंगांव द्वारा बिदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर को शाल, श्रीफल सम्मान पत्र,मोमेंटो से सम्मानित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अंसारी सर जी एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत करेंगांव के सरपंच रेलहा राम भूआर्य एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, संकुल प्रभारी प्राचार्य प्रकाश मेश्राम, एवं हाईस्कूल, मिडिल स्कूल, एवं प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक गण,संकुल करेंगांव व सभी लोगों ने अंसारी जी के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु होने की शुभ कामनाएं दी। माध्यमिक शाला के बच्चे भी इस कार्य क्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सुख राम ठाकुर सर ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी स्टाफ के द्वारा अंसारी जी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया गया।



# पलटूराम को मिला किसान क्रेडिट कार्ड सुशासन तिहार बना उम्मीद की किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम खलारी में आयोजित समाधान शिविर ने ग्रामीणों के जीवन में एक नई उमंग और उत्साह का संचार किया है। यह शिविर न केवल ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का मंच बना, बल्कि उनकी आणथक और सामाजिक प्रगति के लिए उन्हें कई सौगातें भी दी है।

इस समाधान शिविर में ग्राम अड़जाल से पहुॅचे किसान पलटूराम भूआर्य ने बताया कि वे वर्षों से खेती–किसानी के जरिए अपने परिवार का भरण–पोषण कर रहे हैं। खेती के लिए जरूरी खाद, बीज और अन्य सामग्री खरीदने में उन्हें अक्सर समस्याओं का सामना करना पड़ता था। सुशासन तिहार के तहत आयोजित प्रथम चरण के शिविर में उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था, और आज खलारी में हुए समाधान शिविर में उनकी समस्या का समाधान हो गया है। जब उनके हाथों में किसान क्रेडिट कार्ड थमाया गया, तो उनकी आंखों में आत्मविश्वास की चमक साफ झलक रही थी। उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त होने से उनके सपनों को नया बल मिला है। किसान पलटूराम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह किसान क्रेडिट कार्ड मेरे लिए किसी वरदान से कम नहलृ है। अब मुझे खेती के लिए संसाधनों की ऋृचता नहलृ करनी पड़ेगी। इसकी मदद से मैं समय पर खाद, उन्नत बीज और जरूरी वस्तुएं खरीद सकूंगा। इससे मेरी फसल की पैदावार बढ़ेगी और मेरे परिवार की आणथक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि, पहले हमें ऐसी सुविधाओं के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सुशासन तिहार जैसे आयोजनों ने हमारी समस्याओं को तुरंत हल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री श्री साय का सुशासन हम जैसे किसानों के लिए एक नई रोशनी लेकर आया है। उनकी योजनाएं और नीतियां आम लोगों तक सीधे पहुँच रही हैं। सुशासन तिहार ने हमें यह विश्वास दिलाया है कि सरकार हमारे साथ है और हमारी हर छोटी–बड़ी जरूरत का ख्याल रख रही है।



■ किसानों के जीवन में ला रहा है सकारात्मक परिवर्तन

# वास्तविक उद्देश्य ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिक उन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

■ साप्ताहिक नगर संकीर्तन प्रारंभ

वैदिक संस्कृति की पुनः स्थापना हेतु इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा धोबनपुरी में साप्ताहिक नगर संकीर्तन प्रारंभ किया गया। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर ने भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन और केशव सखा दास के नेतृत्व में ग्राम धोबनपुरी में साप्ताहिक नगर संकीर्तन का शुभारंभ किया है।यह आध्यात्मिक कार्यक्रम इस्कॉन के वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भगवान के पवित्र नामों का प्रचार करना है। भगवद गीता और श्रीमद्भागवत गीता की शिक्षाओं को जन जन तक पहुँचाना और मानव जीवन के परम लक्ष्य ईश्वर की प्राप्ति व भक्ति की ओर लोगों को प्रेरित करना। इस्कॉन, जिसकी स्थापना ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी ने 1966 में की थी। आज विश्वभर में सनातन धर्म और भक्ति योग का प्रचार कर रहा है। संस्था का मुख्य साधन है हरे कृष्ण महामंत्र का जप और संकीर्तन है। जिसे कलियुग में आत्म साक्षात्कार का सबसे सरल और प्रभावशाली मार्ग बताया गया है।



धोबनपुरी में हर सप्ताह होने वाले नगर संकीर्तन में भक्तगण पूरे गांव में भगवान के नामों का कीर्तन करते हुए भ्रमण करते हुए। लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत करते हैं। संकीर्तन के पश्चात सभी ग्रामवासियों और प्रतिभागियों को स्वादिष्ट खिचड़ी प्रसाद वितरित किया जाता है, जो प्रेम और भक्ति से बना होता है। यह सेवा न केवल शरीर को तृप्त करती है, बल्कि आत्मा को भी शुद्ध करती है। केशव सखा दास जी ने कहा लोगों को उनके जीवन के वास्तविक उद्देश्य ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिक उन्नति की ओर वापस लाना है। संकीर्तन और प्रसाद वितरण से लोगों में आपसी प्रेम, सेवा और अध्यात्म की भावना विकसित हो रही है। धोबनपुरी के ग्रामवासी इस प्रयास में उत्साहपूर्वक भाग लिया । अपने आस पास के गांवों में भी इसे फैलाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी की भागीदारी इस कार्यक्रम को विशेष बना रही है। इस अद्भुत सफलता को देखकर इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरुर ने यह संकल्प लिया है कि इस अभियान को आसपास के गांवों में भी विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग वैदिक जीवन शैली और कृष्ण भक्ति से जुड़ सकें। यह प्रयास वैदिक मूल्यों के पुनरुद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज को एक बार फिर से आध्यात्मिकता, सेवा और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर कर रहा है।

# अग्नि नक्षत्र में गव्य सिद्ध आयुर्वेद अपनाएं निरोगी जीवन पाएं : डॉ. निरंजन वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पंचगव्य विद्यापीठम गुरुकुलम के कुलपति डॉ निरंजन वर्मा द्वारा भीषण गर्मी और अग्नि नक्षत्र पर सभीगव्य सिद्ध डॉक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा है कि हमारा देश ईश्वर प्रदत्त मौसम, भूगोल और वातावरण का देश है। सनातन धर्म आधारित आयुर्वेद मे मनुष्य मात्र के लिए नक्षत्र के मानव स्वस्थ में पड़ने वाले प्रभाव का विस्तृत विवेचन है, जिसके केंद्र बिंदु में गौमाता है जिसके बिना आयुर्वेद की कल्पना भी संभावना भी नहीं है।

इसीलिए अमर हुतात्मा राजीव दीक्षित भाई ने गाय से निरोगी भारत का सपना संजोया था। जिसे पूरा करने कि जिम्मेदारी हम सबने लिया है। पथ्य, कुपथ्य, दिनचर्या, आहार विहार का आयुर्वेद की जीवन पद्धति को पालन करते हुए गौ माता द्वारा प्रदत्त पंच गव्य द्वारा निणमत औषधियों का अनुपान करते हुए निरोगी काया को प्राप्त कर सकते हैं। गुरुजी डॉ निरंजन वर्मा के मार्ग दर्शन शिक्षा प्राप्त कर विद्यापीठम गुरुकुलम से गव्य सिद्ध डॉक्टर का कोर्स पूर्ण कर पंचगव्य चिकित्सा पद्धति में कैंसर विशेषज्ञ की आहर्ता प्राप्त नाड़ी विशेषज्ञ डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, गव्य सिद्ध डॉ टेमिन साहू, गव्य सिद्ध डॉ मनीष (दोनों प्रसूति विशेषज्ञ) ने जन मानस को आगाह किया है कि अग्नि नक्षत्र में पड़ने वाली भीषण गर्मी में बचने के लिए ताड़ का फल, गंगा इमली, आम का पना पीकर भीषण गमऍ से बचने का निर्देश गुरु जी ने प्रदान किया है।





साथ ही अग्नि नक्षत्र के ठीक पहले अगर पानी गिर जाए तो प्रकृति में सर्प, बिच्छु ओर चूहों की जन संख्या में वृद्धि होती है। इस तरह के संयोग इस वर्ष बन पड़ा है, अतएव सर्प दंश, बिच्छू दंश और चूहों की उत्पात होगी हमे सावधान रहना होगा। सर्प दंश और बिच्छू दंश होने पर कालमेघ के पत्तों को चबकर खाने से जहर उतार जाता है। बिच्छू दंश में अमृत धारा को लगाने से राहत मिलती है। सर्प दंश की अवस्था में होम्योपैथी मेडिसिन नाज़ा 200 का प्रयोग किसी विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श से लिया जा सकता है।

### थप्पड़ का बदला हत्या से लिया आरोपी फरार

**भिलाई।** मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि हिंद नगर बाजार पारा तालाब के पास रिसाली निवासी मोहन उर्फ मेहतरू ताम्रकार के घर के पास कुछ नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता था। नशेड़ी किस्म के युवक सोमवार को आपस में गाली गलौज कर रहे थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### कलेक्टर मांगों को लेकर कार्यवाही का दिया आश्वासन

# छात्र प्रतिनिधिमंडल नवपदस्थ : कलेक्टर मिश्रा से भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने बालोद जिले की नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सेवा एवं नवाचार से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही छात्रों से संबंधित आधारभूत आवश्यकताओं पर भी ध्यान कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान के समतलीकरण तथा एक मिनी स्टेडियम की स्थापना की मांग प्रमुख रूप से की गई है, जिससे छात्रों को खेल एवं शारीरिक विकास हेतु उपयुक्त एवं समुचित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। छात्रों ने कहा महाविद्यालय में अधोसंरचनात्मक संसाधनों की कमी के कारण छात्रों को अपने कौशल को निखारने का उचित अवसर नहीं मिल पाता। मिनी स्टेडियम एवं समतल खेल मैदान की उपलब्धता से न केवल ग्रामीण अंचल के छात्र लाभान्वित होंगे, अपितु क्षेत्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन प्राप्त होगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने छात्रों की मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्याणथयों को भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिससे छात्र हितों की पूर्णतः हो सके और महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र यशवंत टंडन, हेमचंद भारती, राकेश कुंभकार, शुभम देशमुख, दानेश्वर सिन्हा सहित अन्य छात्रगण उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411